# विकि

# विकिपीडिया

# हिन्दी विकिपीडिया

---

## अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न

विकिपीडिया

एक मुक्त ज्ञानकोष

Wiki, Wikipedia, Hindi Wikipedia - Version 1.0
(Released on 2011 February 12)

©Copyright: Hindi wiki community

## Terms and Licenses

This FAQ booklet is licensed under **Creative Commons Attribution-Share Alike 3.0 Unported - CC-BY-SA**. You are allowed to use this book (with front cover and back cover) as long as you agree the licence. You can add or improve information in this book as per the license terms. You are also allowed to distribute the book with or without changes per same terms. You have to attribute Hindi Wiki Community whenever you distribute the book. Online version of the license can be seen at http://creativecommons.org/licenses/by-sa/3.0.

Wikipedia logo is copyrighted by the Wikimedia Foundation. It includes official logo or design used by the Wikimedia Foundation or by one of its projects. Use of the Wikimedia logos and trademarks is subject to the Wikimedia trademark policy and visual identity guidelines, and may require permission. Use of logo in this handbook is by the permission from wikimedia foundation. If you want to use wikipedia logo, you must get prior permission from wikimedia foundation.

## Disclaimer

We believe that this book will be useful to you, however, please be advised that people behind this book cannot guarantee, in any way whatsoever, the validity of the information found here. The creators, editors, publishers, Hindi wiki community, wikimedia foundation or anyone who are in any way connected with this book will not be responsible for the errors or collateral damage caused by this book.

## Credits:

*Content:* **Mayur Kumar**
*Type Setting:* **Junaid P.V.**
*Project Coordination:* **Shiju Alex**

## 1. विकिपीडिया क्या है?

विकिपीडिया एक मुक्त ज्ञानकोष हैं जो दुनिया भर के उन लाखों योगदानकर्ताओं द्वारा लिखा जाता है जो ज्ञान को बाँटने एवं उसका प्रसार करने में विश्वास रखते हैं। विकिपीडिया के हर लेख एवं सामग्री के पीछे लाखों लोगों का कठिन परिश्रम एवं ज्ञान निहित है। इस समय अंग्रेजी विकिपीडिया सबसे बड़ा एवं विशाल ज्ञानकोष है जिसमें ३४ लाख से भी अधिक लेख है। विकिपीडिया परियोजनाएँ २० भारतीय भाषाओं सहित २७५ से भी अधिक विश्व भाषाओं में मौजूद है। विकिपीडिया में हर लेख स्वयंसेवकों के एक बड़ी संख्या में सामुहिक रुप से किये गये सहयोगी संपादनों का परिणाम है।

## 2. विकि क्या है?

विकि सॉफ्टवेयर वार्ड कुन्निगम द्वारा 1994 में विकसित किया गया था। उस समय उसने विकिविकिवेब नामक सॉफ्टवेयर का विकास कर इसे 25 मार्च 1995 को www.c2.com नामक वेबसाईट पर प्रस्तुत किया। उसने स्वयं इसके लिये विकि नाम का सुझाव दिया था क्योंकि उसने यह नाम होनुलुलु आईलैण्ड में स्थित एयरपोर्ट के कर्मचारी से सुना, जिसने उसे एयरपोर्ट के दोनो सिरों के बीच चलने वाली बस विकिविकि चान्स आर टी ५२ के बारे में बताया यहाँ विकी का अर्थ हवाईयन भाषा में तेज गति होता है।

समान्यत अन्तर्जाल में किसी भी वेबसाईट पर कोई जानकारी देने के लिये अथवा उसे सुरक्षित रखने के लिये हमें वेबसाईट के मालिक से अनुमति लेनी पड़ती है परन्तु विकि एक ऎसा साफ़्टवेयर है जो सभी को किसी भी तरह की प्रतिबाधा से मुक्त रखकर बिना किसी तकनीकी ज्ञान एवं विशेषाधिकार के किसी भी सूचना सामग्री को जोड़ने, संशोधित करने एवं पुन: हटाने की सुविधा उपलब्ध कराता है। क्योंकि किसी विकि साफ्टवेयर पर सूचना सामग्री डालना अत्यंत असान है जिस कारण यह सहयोगात्मक एवं सामुहिक संलेखन के लिये एक सर्वोत्तम उपकरण है।

## 3. क्या विकि और विकिपीडिया एक हैं?

विकि और विकिपीडिया एक ही संस्था अथवा नाम नहीं है, क्योंकि विकि साफ्टवेयर सहयोगात्मक संलेखन के लिये एक सर्वोत्तम उपकरण है इसलिये विकिपीडीया जो कि एक मुक्त ज्ञानकोष है, इसे सूचना सामग्री जोड़ने या हटाने के लिये इसका प्रयोग करता है। विकिपीडिया केवल उन वेबसाइट्स में से एक सबसे अधिक प्रसिद्ध एवं विशाल वेबसाईट है जो विकि साफ्टवेयर का प्रयोग करती है इस कारण कई लोग यह मान लेते है कि विकि और विकिपीडिया दोनों एक ही हैं परन्तु यह सत्य नहीं, ऐसी कई अन्य वेबसाईट्स भी हैं जो विकि साफ़्ट्वेयर का प्रयोग करती हैं।

## 4. विकिपीडिया का इतिहास

विकिपीडिया इंटरनेट पर आधारित सबसे बड़ी एवं मुक्त ज्ञानकोष परियोजना है। यह विकि के रुप में है, यानी एक ऐसा जाल पृष्ठ जो सभी को इसका संपादन करने की छूट देता है। विकिपीडिया शब्द विकि और एनसाइक्लोपीडिया (ज्ञानकोष) शब्दों को मिला के बना है। विकिपीडिया एक बहुभाषिय प्रकल्प है जो स्वयंसेवकों के सहकार से निर्मित है अतः जिसकी भी इंटरनेट तक पहुँच है वह विकिपीडिया पर लिख सकता है और लेखों का संपादन कर सकता है। विकिपीडिया के मुख्य सर्वर टैम्पा, फ्लोरीडा में है एवं अन्य अतिरिक्त सर्वर एम्सटर्डम और सियोल में हैं।

निपुण लोगों द्वारा बनाए गए ज्ञानकोष न्यूपीडिया के पूरक के रूप में २९ जनवरी, २००१ में इसकी शुरुआत हुई। अब यह विकिमीडिया फाउन्डेशन द्वारा संचालित है जो एक गैर-लाभकारी संस्था है। २००६ के मध्य में इसमें ४६ लाख से भी ज्यादा लेख थे, सिर्फ अंग्रेज़ी भाषा में ही १२ लाख से भी ज्यादा लेख थे। अब यह २०० से भी ज्यादा भाषाओं में है, जिसमें से १५ भाषाओं में ५० हज़ार से भी ज्यादा लेख हैं। जर्मन भाषा के विकिपीडिया को डीवीडी में भी वितरित किया गया है। विकिपीडिया के संस्थापक जिमी वेल्स के शब्दों में यह "विश्व के प्रत्येक व्यक्ति के लिये, उनके अपनी भाषा में एक बहुभाषिय, मुक्त, सबसे अधिक मुमकिन गुणवत्ता वाला विश्वकोश बनाने और वितरित करने का प्रयत्न है।"

## 5. क्या इस विकि अभियान को केन्द्र या राज्य सरकार द्वारा मदद मिली है?

विकिपीडिया एक गैर लाभकारी संगठन विकिमीडिया फाउण्डेशन द्वारा संचालित किया जाता है। यह फाउण्डेशन सरकार से किसी प्रकार का कोई कोष या चंदा प्राप्त नहीं करता। यह फाउण्डेशन मुख्यत सम्पूर्ण जन समुदाय के दिये गये दान से एकत्रित कोष द्वारा संचालित किया जाता है। क्योंकि अब विकिपीडीया अत्यधिक लोकप्रिय हो चुका है इसलिये कुछ सरकारी संस्थाएँ एवं व्यवसायिक संगठन भी इसे दान के रुप में सहायता करना शुरु कर चुके है।

## 6. क्या मुझे हिन्दी विकिपीडिया पर कोई लेख शुरु करने से पहले पर्याप्त जानकारी होनी आवश्यक है?

अधिकतर लोगों के मध्य यह एक गलत अवधारणा है कि विकिपीडिया में कोई लेख लिखने के लिये हमें पर्याप्त जानकारी होनी आवश्यक है, ध्यान रहे विकिपीडीया में कोई लेख लिखने या संपादित करने के लिये आपको किसी क्षेत्र विशेष में विशेषज्ञ होना आवश्यक नहीं है अपितु विकिपीडीया का हर लेख सैंकड़ों योगदान कर्ताओं के सामुहिक प्रयास का परिणाम है आप जिस लेख को बहुत कम जानकारी से शुरु करेंगे कल उसे कोई और सूचना डालकर बढायेगा फिर कोई और इसी प्रकार कुछ दिनों में वह लेख ज्ञान की छोटी छोटी बुँदों से भर जायेगा जिससे अनेकों उत्सुकों पाठकों की प्यास बुझेगी। इस प्रकार आप किसी अन्य के ज्ञानवर्धन लिये प्रयास करेंगे तथा अन्य आपके ज्ञानवर्धन लिये प्रयास करेंगे जिससे हम सबका ज्ञानवर्धन होगा इस प्रकार जब अनेकों लोग खुद से ज्ञान की छोटी छोटी बुँदे समर्पित करेंगे तो ज्ञान का एक ऐसा सागर बन जायेगा जिससे आने वाली समस्त पीढियों के साथ हम सब की ज्ञान रुपी जिज्ञासा शांत होती रहेगी।

मान लीजिये कि आज किसी ने विकिपीडिया पर विद्युत बल्ब के ऊपर केवल एक पंक्ति का लेख लिखा, कुछ दिनों बाद उसे कोई अन्य इंजिनियर छात्र विकि पर देखता है तो वह उसमें और सूचना डालता है इसी प्रकार इस लेख में सूचना बढ़ती रहेगी जिससे कुछ समय पश्चात यह लेख बल्ब के

ऊपर एक विशाल जानकारी का स्त्रोत बन जायेगा। अत:किसी भी विषय में कम जानकारी से न घबराइयें, मुक्त मन से बेझिझक विकिपीडिया पर नये लेख की शुरुवात करें।

## 7. क्या विकिपीडीया पर कोई ऐसा नियम है कि किस विषय पर लिखना है और किस विषय पर नहीं?

बिल्कुल आप विकिपीडीया पर किसी भी विषय पर लेख लिख सकते है बशर्ते की यह लेख ज्ञानकोष की शैली के अनुरुप हो। जिसके लिये विकिपीडीया पर कई विकिनीतियाँ निर्धारित है।

## 8. मेरे बनाये लेख को कई लोग संपादित करते है ऐसा क्यों?

विकिपीडीया का कोई भी लेख किसी अकेले व्यक्ति से संबंधित नहीं होता, यह अनेक सदस्यों के सहयोगात्मक एवं सामूहिक योदगान का परिणाम होता है। हाँ यदि आपके द्वारा बनाये गये लेख में कोई दूसरा सदस्य गलत सूचना डालता है तो आप उसे हटा सकते है अथवा प्रबंधकों की सहायता से उस अनावश्यक सामग्री को हटवा सकते है। आप किसी सदस्य से उसके द्वारा जोड़े गये तथ्य पर उससे लेख के वार्ता पृष्ठ पर चर्चा भी कर सकते है जिस पर अन्य प्रबंधक एवं सदस्य भी अपनी प्रतिक्रिया देते है और बहुमत के आधार पर यदि ऐसा लगता है कि वह तथ्य सही है तभी उसे लेख में रखा जाता है। विकि में कोई भी तथ्य देने के साथ संपादक को उसका संदर्भ भी देना पड़ता है अन्यथा उस जानकारी को अविश्वसनीय माना जा सकता है यदि वह एक जन सधारण को ज्ञात तथ्य न हो, जैसे सूर्य पूर्व में उगता है यह बात सभी जानते है अत: इसके लिये तथ्य देने की कोई आवश्यकता नहीं। विकिपीडीया पर संदर्भों की विश्वसनीयता के ऊपर भी अपनी नीतियाँ है।

## 9. विकिपीडिया में कौन कौन योगदान कर सकता है

कोई भी व्यक्ति जो अपनी सांस्कृतिक पृष्ठभूमि, जातीयता, व्यावसायिक या राजनीतिक पृष्ठभूमि या हितों पर ध्यान दिए बिना ज्ञान को बांटकर ज्ञान का प्रसार करने का इच्छुक है, इस परियोजना में अपना योगदान दे सकता है। इस प्रकार चाहे कोई कालेज का विधार्थी, इंजीनियर, डाक्टर, पत्रकार,

किसान, व्यवसायी हर कोई विकिपीडिया की परियोजनाओं में अपना योगदान देकर ज्ञान का प्रसार कर सकता है।

## 10. क्या विकिपीडिया भारतीय भाषाओं में भी उपलब्ध है?

हालांकि अंग्रेजी विकिपीडिया १५ जनवरी २००१ को शुरू किया था, परन्तु इस वर्ष एक भी भारतीय भाषा का विकिपीडिया शुरु नहीं किया जा सका। सर्वप्रथम जून २००२ को पंजाबी, असमी, और ओड़िया विकिपीडीया बनाये गये, इसी वर्ष दिसम्बर में मलयालम विकिपीडिया भी शुरु किया गया। २००३ के बाद कई अन्य भारतीय भाषाओं के विकिपीडीया आरम्भ किये गये, फरवरी २००३ में भोजपुरी, मई २००३ में मराठी, जून २००३ में कन्नड़, जुलाई २००३ में हिन्दी विकिपीडीया, सितंबर २००३ में तमिल, दिसंबर २००३ में तमिल एवं तेलगु एवं जनवरी २००४ में बंगाली विकिपीडिया शुरु किया गया। इस प्रकार अब भारतीय भाषाओं में कुल २० विकिपीडीया हैं|

## 11. मैं अंग्रेजी भाषा में प्रवीण हूँ तो मैं हिन्दी विकिपीडिया में क्यों योगदान दूँ

आप अंग्रेजी में दक्ष है यह बहुत प्रशंसनीय बात है परन्तु यह आपकी मातृ भाषा को त्याग देने का कारण नहीं बनना चाहिये। आप अंग्रेजी में उपलब्ध सूचना को एकत्रित कर उसे अपनी मातृ भाषा में दे सकते है जिससे उन लोगों को बहुत सहायता पहूँचेगी जो अंग्रेजी भाषा नहीं जानते अथवा जो लेख को अपनी मातृ भाषा में पढना पसन्द करते है। ऐसे अनेको भारतीय है जो अंग्रेजी में दक्ष नहीं परन्तु अपनी मात्र भाषा में दक्ष है अंग्रेजी दक्ष होना या न होना किसी भी व्यक्ति को अपनी मात्र भाषा में ज्ञान बाटँने अथवा एकत्रित करने से नहीं रोकता। हिन्दी हमारी मातृ भाषा ही नहीं राष्ट्र भाषा भी है अत: इसके वर्चस्व को बनाये रखने का दायित्व हम सब ४५ करोड़ हिन्दी भाषियों पर है और विकिपीडिया हिन्दी में ज्ञान को बचाये रखने एवं उसका प्रसार करने के लिये सर्वोत्तम स्थान है अत: हम सब इसमें योगदान क्यों न करे? सिर्फ इसलिये कि हम अंग्रेजी में प्रवीण है या हमें अपनी मात्र भाषा बोलने या लिखने में झिझक आती है? यदि आपको झिझक आती है तो उसे दूर करने का सर्वोत्तम उपाय भी विकिपीडिया है क्योंकि विकिपीडीया पर आपके योगदान के साथ हिन्दी एवं ज्ञान दोनों का

प्रसार होगा और हिन्दी का जितना प्रसार होगा उतना ही आपको अपने आपको हिन्दी भाषी कहने में गर्व अनुभव होगा, अत: जब हम अपने मित्रों से एवं परिवर जनों से निसंकोच हिन्दी में बात कर सकते है तो हिन्दी विकिपीडिया में हिन्दी में योगदान करने में संकोच कैसा?

## 12. मैं हिन्दी विकिपीडिया में योगदान करना चाहता हूँ परन्तु मुझे अपने संगणक पर हिन्दी लिखनी नहीं आती

हिन्दी विकिपीडिया पर हिन्दी लिखना अत्यंत सरल है हिन्दी विकि पर इसके लिये ट्रांसलिटरेशन उपकरण उपलब्ध है। जिसकी सहायता से आप असानी स हिन्दी लिख सकते है बस इससे पहले कुछ प्रक्षिक्षण आप इस वेब पृष्ठ- http://hi.wikipedia.org/wiki/विकिपीडिया:Devanagri_Typing पर जायें जिसमें आपको इस उपकरण को प्रयोग करने की पूरी जानकारी मिलेगी। यह उपकरण प्रयोग करने में अत्यंत सरल है, विकिपीडीया के हजारों सदस्य इसका प्रयोग करके संगणक पर हिन्दी लिखना सीख चुके है।

## 13. मैं विकिपीडीया में लेख क्यों योगदान दूँ, मुझे इससे क्या लाभ मिलेगा?

याद रखें कि विकिपीडीया कोई व्यवसायिक संस्था नहीं अपितु एक ऐसी संस्था है जिसे आप, मैं एवं हम सब लोग अपने योगदान से चलाते है। यह हम सब का एक सामूहिक प्रयास है ज्ञान को हमारी मात्र भाषा में बचाये रखने का एवं हिन्दी का वर्चस्व बनाये रखने का। वैसे भी ज्ञान तो बांटने से बढ़ता है तो क्या आप अपने ज्ञान का प्रसार नहीं करना चाहेंगे। आप विकिपीडिया पर अपने महत्त्वपूर्ण ज्ञानार्जन को लेख बनाकर सुरक्षित भी रख पायेंगे अन्यथा समय के साथ आपके द्वारा किये गये अथक परिश्रम से एकत्रित किया गया ज्ञान याददाशत के कमजोर होने के साथ लुप्त हो जायेगा जिसे पुन: प्राप्त करने में आप शायद उतना प्रयास या परिश्रम नहीं लगा पायेंगे। यदि इस सामूहिक प्रयास में हम सब अपना ज्ञान बाँटेगें तो इससे एक ज्ञान का ऐसा जलाशय बन जायेगा जिससे हम ही नहीं अपितु हमारी आने वाली पीढ़ियाँ भी अपनी प्यास शांत कर पायेंगी। इस प्रकार हम अपने ज्ञान को जो सदियों से न बाँटने के कारण लुप्त होता जा रहा है

अपनी मातृ भाषा में सुरक्षित रख सकते है। सोचिये यदि हम सब मिलकर यह प्रयास करेंगे तो इससे भारत वर्ष के हर हिन्दी भाषी को उसकी मात्र भाषा में बिल्कुल मुफ्त में हर समय एवं हर प्रकार की सूचना उपलब्ध रहेगी। अंग्रेजी भाषियों ने तो ऐसा कर दिखलाया है तो क्या हम ४५ करोड़ हिन्दी भाषी ऐसा नहीं कर सकते?

## 14. हिन्दी विकिपीडीया का इतिहास एवं परिचय

हिन्दी विकिपीडिया, विकिपीडिया का हिन्दी का संस्करण है, जिसका स्वमित्व विकिमीडिया संस्थापन के पास है। हिन्दी संस्करण जुलाई २००३ में आरम्भ किया गया था, और ३१ जनवरी २०११ तक इसमें ६७,३७७ लेखों की संख्या, २५० सक्रिय सदस्यों एवं ३९,००० से भी अधिक प्रयोक्ताओं की संख्या थी जिसके आधार पर यह भारतीय भाषाओं में उपलब्ध विकिपीडिया का सबसे बड़ा संस्करण है। हिन्दी विकिपीडीया को मुख्यतः हिन्दी भाषी लोगो की आवश्यकताओं की पूर्ति के लिया बनाया गया था। चूँकि हिन्दी विकिपीडिया इण्डिक स्क्रिप्ट देवनागरी का प्रयोग करता है इसलिए इसमें जटिल पाठ प्रतिपादन सहायक की आवश्यकता पड़ती है जिसके लिये यहाँ पर ध्वन्यात्मक रोमन वर्णमाला परिवर्तक उपलब्ध है अत: यहाँ हिन्दी लिखना अत्यंत सरल हैं।

## 15. अन्य विकि परियोजनाएँ

विकिमीडिया फाउण्डेशन की हिन्दी में भी कई परियोजनाएँ है जैसे हिन्दी विकिपीडीया, हिन्दी विकिबुक्स, हिन्दी विक्षनरी, हिन्दी विकिक्वोट इत्यादि। विकिपीडिया की कामयाबी के बाद विकिमीडीया फाउण्डेशन ने कुछ और विकि परियोजनाओं की शुरुवात की

- **विकिसोर्स** - मुक्त स्त्रोत सामग्री, विभिन्न आनलाईन पुस्तकों के संग्रह के लिये एक मुक्त संग्रहालय
- **विकिबुक्स**- नई पुस्तको की रचना और निशुल्क पुस्तकों एवं उपयोगी सामग्री हेतु
- **विकिक्वोट**- विभिन्न सुभाषितों के संकलन हेतु
- **विकि-शब्दकोष**- एक शब्दकोष एवं समानान्तर कोष, विभिन्न भाषाओं से हिन्दी भाषा में एक विशाल शब्दकोष निर्माण हेतु

## 16. क्या विकि पर मेरे द्वारा डाली गयी जानकारी सुरक्षित रहेगीं, विकि पर तो कोई भी संपादन कर सकता है?

हाँ बिल्कुल यदि आपके द्वारा डाली गयी जानकारी अथवा आपके द्वारा बनाया गया लेख एक ज्ञानकोष की शैली के अनुरुप है तो वह अवश्य सुरक्षित रहेगीं। यदि कोई अन्य आपकी इस जानकारी अथवा लेख को हटाता या खराब करता है तो आप उसे पुन: पहले वाली अवस्था पर ला सकते है अन्यथा हिन्दी विकि के प्रबंधको अथवा सक्रिय सदस्यों की सहायता ले सकते है। हाँ अगर कोई अन्य वयक्ति आपके द्वारा बनाये गये लेख को और विकसित करना चाहता है तो उसे इसका पूर्ण अधिकार है परन्तु यदि वह कोई आपत्ति जनक सामग्री डालता है तो आप उससे चर्चा कर सकते है और यदि चर्चा में वह गलत सिद्ध होता है तो आप उस सामग्री को हटा सकता है और यदि वह या कोई अन्य सदस्य उस सामग्री को बार बार डालकर आपके लेख को खराब करता है तो उस सदस्य को संपादन अधिकार से वंचित रखा जा सकता है। अत: आप निर्भय होकर हिन्दी विकिपीडीया में अपना योगदान दें।

## 17. विकिपीडिया के लाभ

- विकिपीडिया एक बहुभाषीय प्रकल्प है, और स्वयंसेवकों के सहकार से निर्मित है, जिसकी भी इंटरनेट तक पहुँच है वह विकिपीडिया पर लिख सकता है और लेखों का संपादन कर सकता है।
- विकि स्वरूप के कारण लेखों की कड़ियों को शब्दों के साथ जोड़ना आसान है, इससे न केवल लेख के बारे मे जानकारी मिलती है, बल्कि उससे जुड़ी अन्य रोचक जानकारियाँ भी प्राप्त होती हैं, उदाहरण के लियेः अगर आप मुंबई विस्फोटों से जुड़ा लेख पढ रहे हैं तो उसमे  इंटरविकि से भिन्न भाषाओं के लेख जुडे होते है। हिन्दी मे महात्मा गांधी के लेख के साथ लगभग 31 और भाषाओ मे उस लेख की कडी है, किसी और भाषा जैसे की गुजराती मे लिखा गया लेख तुरंत ही पढ सकते है।
- विकिपिडीया मे काफी तेज़ी से समसामयिक विषयों के बारे में लेखो का विकास हो सकता है जैसे कि मुंबई विस्फोटों के खबर का ज़ाहिर होने के

चंद मिनटों में ही उसके बारे में अंग्रेजी विकिपीडिया में प्रासंगिक कड़ियों के साथ लेख मौजूद था। ऐसे ही परिणाम आपसी सहयोग से हम हिन्दी में भी प्राप्त कर सकते है।

- गूगल और अन्य सर्च इंजनों की खोज करने पर विकिपीडिया के लेख परिणामों में प्रमुखता से उभरते हैं। ज़ाहिर है कि हिन्दी विकिपीडिया के विकास से इंटरनेट पर हिन्दी का इस्तेमाल करने वाले लोगों की संख्या में भी वृद्धी होगी। लोगों को हिन्दी का प्रयोग करने हेतु एक और मंच मिलेगा।
- विकिपीडिया एक ऐसा मंच है जो शिकायत का मौका नहीं देता है, बल्कि आपको अपनी ही शिकायत दूर करने का मौका देता है। अगर आपको लगता है कि कोई जानकारी अधूरी है या गलत है, तो आप तुरंत उसमें घटजोड़ या सुधार कर सकते हैं।

## 18. हिन्दी में कौन कौन सी विकि परियोजनाएँ सक्रिय है?

- हिन्दी विकिपीडिया (http://hi.wikipedia.org)

यह हिन्दी में विकि की सबसे अधिक सक्रिय परियोजना है।

- हिन्दी विक्षनरी (http://hi.wiktionary.org)

यह परियोजना हिन्दी में विभिन्न शब्द, पर्यायवाची, विलोम, व्युत्पत्ति आदि की परिभाषा बनाने हेतु है।

- हिन्दी विकिबुक्स (http://hi.wikibooks.org)

यह परियोजना शैक्षिक पाठ्यपुस्तकों की एक मुफ्त पुस्तकालय बनाने के लिए हेतु है जिसे कोई भी संपादित कर सकता है।

- हिन्दी विकिक्वोट (http://hi.wikiquote.org)

यह परियोजना विभिन्न लोकोक्तियों ,मुहावरो एवं कथनों का संग्रह है।

## 19. हिन्दी विकिपीडिया से संबंधित किसी प्रकार की सहायता या कोई समस्या आने पर मैं कहाँ सम्पर्क करुं?

हिन्दी विकिपीडीया में संपादन से संबंधित या किसी अन्य समस्या के आने पर आप वहाँ इस लिंक- http://hi.wikipedia.org/wiki/विकिपीडिया:चौपाल पर अपना संदेश दे सकते है अथवा किसी भी प्रबंधक से सम्पर्क कर सकते है। इसके अलावा आप हमें https://lists.wikimedia.org/mailman/listinfo/wikihi-l पर भी अपना संदेश दे सकते है।

## 20. मैने अंग्रेज़ी विकिपीडिया के लिए एक लॉगईन बनाया है। क्या मैं हिन्दी विकिपीडिया के लिए भी उसी लॉगईन का उपयोग कर सकता हूँ ?

जी हाँ । इसके लिए आपको सभी विकिमीडिया परियोजनाओं के अपने खातों को एकजुट करना होगा। अधिक जानकारी के लिये http://meta.wikimedia.org/wiki/SUL पर जायें.

## 21. क्या हिन्दी विकि परियोजनाओं के बारे में चर्चा करने के लिये कोई गुगल या याहू जैसा समूह है जहाँ पर हम हिन्दी विकिपीडिया के सदस्यों से चर्चा कर सकें

हाँ, हिन्दी विकिपीडिया का खुद का एक मेल समूह है जिस पर अधिकतर सक्रिय सदस्य उपलब्ध रहते है इससे जुड़ने के लिये कृपया इस लिंक पर जाये

- https://lists.wikimedia.org/mailman/listinfo/wikihi-l

इसके अलावा एक मुक्त नोड रिले वार्ता पर भी आप हिन्दी विकिपीडिया के सदस्यों से चर्चा कर सकते है परन्तु इस पर आपको कम ही सक्रिय सदस्य मिलेंगे। यह सर्वर लिंक निम्न है -

- Server: irc.freenode.net
- Channel: #HindiWiki